Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 15-05-2006
Participants : Yadav Prof. Ram Gopal,Yadav Shri Ram Kripal

>

Title : Need for government's interference to protect the ancient heritage of India, which is being destroyed, due to alleged illegal mining in Bharatpur, Rajasthan.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का और सरकार का ध्यान एक अत्यंत गंभीर मामले की ओर आकृट करना चाहता हूँ। विश्व के करोड़ों कृण भक्तों के ऊपर कुठाराघात किया जा रहा है। सभी को मालूम है और पूरी दुनिया जानती है कि राजस्थान के भरतपुर में भगवान श्रीकृण से जुड़े हुए पर्वतों और हजारों साल पुरानी भगवान की लीला-स्थलियों की राजस्थान सरकार द्वारा धज्जियां उड़ायी जा रही हैं।

15.50 hrs. **(Shri Devendra Prasad Yadav in the Chair)**

यह मामला इसलिए और भी गंभीर है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद सरकार इसे गंभीरता से नहीं ले रही है और पहाड़ों को खनन के नाम पर ध्वस्त किया जा रहा है। इस तरह हमारी संस्कृति और प्राचीन धरोहरों को नट करने का काम हो रहा है। मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूँ कि अविलम्ब सरकार को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए और बृज की उस धरोहर भूमि जिसका विनाश करने पर राज्य सरकार तुली हुई है, हस्तक्षेप करके प्राचीन और एतिहासिक संस्कृति को बचाने के लिए ठोस और कारगर कदम उठाना चाहिए। आज साधु और सन्त आन्दोलन कर रहे हैं फिर भी सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है। भारतीय जनता पार्टी, जो अपने आपको हिन्दुओं की रक्षक कहती है, की सरकार वहां क्या कर रही है, यह दुनिया देख रही है। मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहूंगा कि यथाशीघ्र ठोस कार्रवाई की जाए और बृज की भूमि तथा श्रीकृण भक्तों को ठेस पहुंचाने वाले काम को रोकने के लिए प्रयास किया जाए ताकि हमारी प्राचीन संस्कृति और सभ्यता बच सके तथा श्रीकृण भगवान की लीला-स्थलियों को बचाया जा सके। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यही निवेदन करना चाहता हूँ कि वे इसे संज्ञान में लेकर इस मामले में हस्तक्षेप करें।

प्रो. राम गोपाल यादव (सम्भल) : महोदय, मैं पूरी तरह से श्री राम कृपाल यादव जी की बात का समर्थन करता हूँ और अपने आपको उससे सम्बद्ध करते हुए यह मांग करता हूँ कि खनन पर तत्काल रोक लगनी चाहिए।